सरपंच के घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल व बोलेरो को पेट्रोल डालकर जलाया

निवाई । वनस्थली में पुलिया वाले बालाजी मंदिर के पास सरपंच रविकांत पुरोहित के घर के बाहर खडी बोलरो

- रात करीब 1 से 2 बजे के बीच बदमाशों ने पेट्रोल डालकर जलाया
- आग से बोलेरो का इंजन व आगे का पुरा हिस्सा जल गया
- पडोसी के मकान के बाहर लगे सीसी टीवी में आग लगाने की वारदात कैद हो गई

कार व मोटरसाइकिल को बदमाशों ने पेट्रोल डालकर जला दिया। सरपंच रविकां पुरोहित ने बताया कि उनके मकान में उनके व्यवसायिक प्रतिष्ठान पर काम करने वाले व घरेलु कर्मचारी रहते है। उसी घर के बाहर बोलेरो कार व डिस्कवर मोटरसाइकिल खडी थी। जिसको रात करीब 1 से 2 बजे के बीच अज्ञात बदमाशों ने पेट्रोल डालकर जला दिया। गाडीया जलती रही लेकिन आसपास के लोगों को पता जब चला जब आग गाडी को जलाते जलाते टायरो तक पहुंची। जैसे ही टायर जलने लगे टायरो में हवा भरी रहने की वजह टायरो के आग की वजह से फुटने से धडाम की आवाज आने से आस पडोसी जग गए और बाहर निकल कर देखा तो गाडिया जल रही थी।

आग से बोलेरो का इंजन व आगे का पुरा हिस्सा जल गया है । बाईक पुरी जलकर राख हो गई है । लोगों ने आग पर पानी डाल कर बुझाया। वही एक पडोसी के मकान के बाहर लगे सीसी टीवी में आग लगाने की वारदात कैद हो गई। जिसमें एक व्यक्ति मुंह के स्कॉफ बांधकर आग लगा रहा था। तथा इंजन व टायरों पर पेट्रोल छिडक रहा था। लोगो ने सरपंच को आग की सुचना दी। सरपंच ने आग लगाने वाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। थाना प्रभारी हरिराम वर्मा ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

निवाई में घर के बाहर खडी मोटरसाइकिल व बोलेरो पर पेट्रोल डालकर बदमाशों ने जला दिया।

शराब से भरे दो ट्रक व एक कार जब्त, 4 गिरफ्तार

उदयपुर । जिले के गोगुन्दा, प्रतापनगर, पानरवा एवं डीएसटी की टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए करीब पचास लाख की अवैध शराब से भरे दो ट्रक व कार जब्त कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल केनिर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगनपुरोहित के सुपरविजन में प्रतापनगर थानाधिकरी भरत योगी, पुलिस उप अधीक्षक राजेन्द्र के सुपरविन में पानरवा थानाधिकारी अंकित कुमार सामरिया एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए तलाशी अभियान शुरू किया। गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह मय टीम ने उदयपुर से पिण्डवाड़ा हाइवे पर नाकाबंदी की। इस दौरान ट्रक को रोक तलाशी ली तथा चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम भंवरदास पुत्र लहरदास वैष्णव निवासीबापड़ा बिलौता देलवाड़ा राजसमन्द बताया। इस पर ट्रक की तलाशी ली तो उसमें अवैध अंग्रेजी शराब के 761 कर्टन पाए गए। इस पर शराब मय वाहन जब्त कर भंवरदास को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। बरामद शराब की बाजार कीमत करीब 30 लाख बताई जाती है।

जयपुर डिस्कॉम ने दीपावली पर तैनात कीं फॉल्ट सुधार टीम

जयपुर । प्रदेश में दीपावली पर बिजली की पर्याप्त उपलब्धता तथा निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आलोक ने इस संबंध में बिजली कंपनियों को सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

डिस्कॉम्स चेयरमैन तथा जयपुर विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक आरती डोगरा ने मंगलवार को डिस्कॉम अभियंताओं के साथ दीपावली पर विद्युत आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की और तीनों वितरण कंपनियों में ग्रिड सब स्टेशनों पर अभियंताओं की ड्यूटी लगाने के साथ ही आपूर्ति में व्यवधान की किसी भी स्थिति में फॉल्ट रेक्टिफिकेशन टीमों को तैयार रहने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जयपुर डिस्कॉम के 225 सहायक अभियंता (ओ एंड एम) कार्यालयों में कुल 332 एफआरटी कार्यरत हैं जो फॉल्ट की किसी भी स्थिति में आपूर्ति बहाल करती हैं। डोगरा के निर्देश पर जयपुर विद्युत वितरण निगम के डायरेक्टर (तकनीकी) श्री एस.एस. नेहरा ने जयपुर, भरतपुर एवं कोटा जोन के मुख्य अभियंताओं को निर्देश जारी किए हैं कि ग्रिड सब स्टेशनों पर अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा आवश्यक उपकरणों की आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यह अधिकारी ट्रांसफॉर्मरों तथा विद्युत तंत्र के ओवरलोड होने की स्थिति में निगाह रखेंगे तथा वैकल्पिक इंतजाम सुनिश्चित करेंगे। विशेषकर पीक ऑवर्स में भी सप्लाई को मेंटेन रखेंगे।

- राज्य में दीपावली पर बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए विभाग सजग

जोधपुर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक भंवरलाल तथा अजमेर डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक के.पी.वर्मा ने बताया कि निगम क्षेत्र में अधीक्षण अभियंताओं को 30 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक बिजली आपूर्ति, रखरखाव, जीएसएस तथा महत्वपूर्ण लोड सेंटर्स पर स्टाफ लगाने के निर्देश दे दिए गए हैं। एनर्जी एक्सचेंज से भी मिल रही पर्याप्त बिजली राज्य में मांग के अनुरूप बिजली की पर्याप्त उपलब्धता है। दीपावली पर औद्योगिक गतिविधियों तथा कृषि क्षेत्र की मांग में कमी आने के साथ ही एनर्जी एक्सचेंज से फिलहाल पीक लोड के समय भी डिमांड के अनुरूप पर्याप्त बिजली उपलब्ध हो रही है। प्रदेश में 27 अक्टूबर को कुल मांग 3171 लाख यूनिट के सापेक्ष स्वयं के स्त्रोतों तथा अनुबंधित विभिन्न स्त्रोतों से 2853 लाख यूनिट तथा एनर्जी एक्सचेंज से 318 लाख यूनिट बिजली खरीदकर डिमांड के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित की गई। अब तक इस दिन बिजली की औसतन अधिकतम मांग 15440 मेगावाट रही है।

विवाहिता की संदिग्ध मौत

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी थाना इलाके में एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई मृतका घर में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली जिसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के पिता की रिपोर्ट पर सुसराल पक्ष के खिलाफ दहेज हत्या में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी मृतका की शादी को अभी 2 साल ही हुए थे जिसके चलते पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया कुन्हाड़ी थानाधिकारी अरविंद भारद्वाज ने बताया कि मृतका मनीषा 27 वर्षीय बापू बस्ती कुन्हाड़ी निवासी है जिसकी 2 साल पहले ही लोकेश से शादी हुई थी मृतका के पिता खतौली निवासी कमल किशोर का कहना है कि वर्ष 2022 में बेटी की धूमधाम से कोटा के कुन्हाड़ी बापू बस्ती निवासी लोकेश से शादी की थी लेकिन शादी के कुछ समय बाद ही उसकी पुत्री को दहेज की मांग को लेकर परेशान करने लगे थे।

होटल और ढाबों पर दबिश देकर पकड़ी अवैध शराब

डूंगरपुर । पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान छेड दिया है। पुलिस ने शहर से सटे तिजवड में एक होटलए हाईवे पर ढ ाबों में छापा मारा। ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी। वहीं तलाशी के दौरान भी अवैध शराब मिली। पुलिस ने शराब को जब्त करते हुए तीनों जगहों से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन ने बताया कि जिले में चौरासी विधानसभा उपचुनावों को लेकर आचार संहिता लागू है। अवैध शराब को लेकर अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत सदर थाना पुलिस की टीम ने सागवाडाए आसपुर रोड के तिराहे तिजवड में स्थित होटल पाल लेंबरवाडा पर दबिश दी। उस समय होटल के टेबल पर ग्राहकों को बैठाकर शराब पिलाई जा रही थी। वहीं पुलिस को देखते ही शराब पीने वाले भाग गए। मौके पर शराब परोसने वाले धनप्रकाश पुत्र प्रेमकृष्ण हंगात मीणा निवासी इंद्रा कॉलोनी और सुनील पुत्र राकेश अहारी निवासी कुशाल मगरी मिले। तलाशी के दौरान होटल से अवैध शराब भी मिली। वहीं ग्राहकों को परोसी गई खुली शराब भी बरामद की है। शराब बेचने और रखने को लेकर कोई लाइसेंस नहीं मिला। जिस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है। बिछीवाडा थाना पुलिस ने आमझरा में ओम बन्ना देसी ढाबा पर छापेमारी की। ढाबे पर कुछ लोग टेबल पर बैठकर शराब पी रहे थे। पुलिस को देखकर शराब पीने वाले अंधेरे में भाग गए। ढ ाबे पर पुलिस को खुली हुई बियर की बोतलें मिली। तलाशी के दौरान भी अवैध शराब बरामद की गईए लेकिन शराब को लेकर कोई लाइसेंस नहीं था। जिस पर पुलिस ने जगदीश पुत्र कावा अहारी निवासी आमझरा वैसाला फला को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा नेशनल हाईवे 48 पर बिछीवाडा पुलिस ने जय किसान ढ ाबा लेहणा में छापेमारी की। ढ ाबे पर ग्राहकों को शराब परोसी और पिलाई जा रही थी। कार्रवाई होते ही शराब पीने वाले भाग गए। तलाशी में अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी जगदीश पुत्र मोहन ननोमा निवासी लेहणा को गिरफ्तार कर लिया है।

- ग्राहकों को बैठाकर पिला रहे थे, पुलिस ने 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

युवती से दुष्कर्म, शोर सुन पड़ोसी पहुंचे तो भाग निकला आरोपी

बीकानेर । जयपुर रोड पर झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। जयपुर रोड पर झुग्गी-झोपड़ियों में लोग रहते हैं। दो दिन पहले वहां एक झोपड़ी में 19 साल की युवती नहा रही थी और उसके परिजन बाहर गए हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाला सुनील नायक पीछे के रास्ते से झोपड़ी में घुस गया। युवती का मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान शोर सुनकर पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी युवक वहां से फरार हो गया। युवती के पिता की ओर से व्यास कॉलोनी थाना पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वह किसी काम से घर से बाहर गया था और उसकी पुत्री घर में अकेली थी। पड़ोस में रहने वाला सुनील उस पर बुरी नजर रखता था।

राजेंद्र गुढा का विवादित बयान

"संविधान में कहां लिखा पाकिस्तान जिंदाबाद नहीं बोल सकते"

झुंझुनूं, (निसं)। अपने बयानों को लेकर राजेंद्र गुढा का विवादित बयान, कहा - ार्चा में रहने वाले पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा का पाकिस्तान को लेकर विवादित बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में कहां लिखा है कि 'पाकिस्तान जिंदाबाद' नहीं बोल सकते। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तान की एंबेसी है, वहां पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं और पाकिस्तान का राष्ट्रगान भी गाया जाता है।

पाकिस्तान में भारत की एंबेसी है, जहां भारत जिंदाबाद के नारे लगते है, तो देश में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे क्यों नहीं लग सकते। कौन से संविधान में इनकी मनाही की गई है। गुढा के इस बयान के बाद सियासी माहौल गर्मा गया है। गुढा ने ये बयान एक सभा के दौरान दिया। इससे पहले भी राजेन्द्र गुढा ने राजस्थान में कांग्रेस की सरकार गिराने के लिए 60 करोड रूपए का ऑफर मिलने की बात कही थी।

- पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत में पाकिस्तान की एंबेसी है, वहां पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हैं और पाकिस्तान का राष्ट्रगान भी गाया जाता है।

उन्होंने झुंझुनूं सांसद बृजेन्द्र ओला पर भाजपा से मिलकर खुद की सरकार गिराने का भी आरोप लगाया था। बता दें कि पूर्व मंत्री राजेन्द्र गुढा झुंझुनूं सीट पर हो रहे उपचुनाव में निर्दलीय चुनाव लड रहे है। झुंझुनूं विधानसभा उपचुनाव में इस बार मुकाबला त्रिकोणीय बनता नजर आ रहा है। गुढा के मैदान में आने से भाजपा और कांग्रेस की टेंशन बढ गई है।

पुलिसकर्मी बनकर मजदूर से चौदह हजार की ठगी

डूंगरपुर। शहर में रेती स्टैंड के पास एक मजदूर से ठगी की वारदात हुई। मजदूर दिवाली मनाने अपने घर जा रहा था। बाइक सवार बदमाश ने पुलिसकर्मी बनकर चोरी के रुपए ले जाने के नाम से डराया। डर के मारे मजदूर ने 14 हजार रुपए निकालकर दे दिए। पुलिसकर्मी बताने वाले बदमाश ने एक लिफाफे में रुपए डालने का झांसा दिया। बाद में लिफाफे में रुपए की जगह अखबार के टुकडे मिले। वहीं ठगे गए मजदूर ने बस स्टैंड चौकी पहुंचकर घटना बताई। पुलिस बदमाश की तलाश कर रही है।ऽ पुलिस के अनुसार फलोज मसानिया फला निवासी सुरेश पुत्र जवाहर परमार गुजरात में मजदूरी करता है। उसने बताया कि दिवाली का त्योहार मनाने अहमदाबाद से घर जा रहा था। जीप से नया बस स्टैंड के पास उतरा। इसके बाद रेती स्टैंड पर प्राइवेट गाडी से घर जाने का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बाइक पर एक युवक आया। उसके हेलमेट पहना हुआ था। बदमाश ने पुलिसकर्मी बताया ओर चोरी कर आने की धमकी दी। मजदूर सुरेश ने चोरी नहीं करने की बात करता रहा। पुलिसकर्मी बताने वाले बदमाश ने जेब से रुपए निकालने के लिए कहा। जिस पर मजदूर ने दिवाली मनाने के लिए ला रहे 14 हजार रुपए बताए। बदमाश ने रुपए लेकर एक लिफाफे में डालने का ढ ोंग किया।

पत्नी और प्रेमी के डर से पति ने की आत्महत्या

सादुलपुर, (निसं)।सिद्धमुख थानान्तर्गत प्रेमिका ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को तलाक देने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप में पुलिस ने प्रेमी और प्रेमिका के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मंगलवार शाम चार बजे मिली जानकारी में अपनी पत्नी से पीडित पति ने प्रेमी के साथ अवैध संबंधों के कारण आत्महत्या कर ली। परिजनों ने आत्महत्या के लिए विवश करने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में सिद्धमुख थाना अधिकारी रामकरण सिद्धू ने बताया कि सोनू पुत्र भंवराराम निवासी बुंगी ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसके बडे भाई राजवीर की शादी प्रियंका पुत्री रामकुमार निवासी इशरवाल हरियाणा के साथ हुई थी। उसके भाई राजवीर की पत्नी प्रियंका तथा गांव के ईश्वर के साथ अवैध संबंध थे। अनेकों बार समझाने के बाद भी अपनी हरकतों से बाज नहीं आए। आरोपी प्रियंका ने उसके भाई को तलाक देने के लिए दवाब बनाने लगी। तथा आरोपी पत्नी प्रियंका ने उसे जान से मारने की धमकी दी। तथा पूर्व में प्रियंका अपने प्रेमी के साथ फरार भी हो गई थी, जिसका मामला भी दर्ज सिद्धमुख थाने में हुआ था। दर्ज मामले में बताया कि उसका भाई राजवीर तथा उसकी पत्नी प्रियंका दिनांक 28 अक्टूबर 2०24 को अपने ससुराल से वापस आते समय सादुलपुर बस स्टैंड पहुंचे। तो वहां आरोपी प्रेमी ईश्वर मिला तथा उसके भाई की पत्नी को अपने साथ ले जाने लगा, उसके भाई ने मना किया तो उसके साथ मारपीट की तथा उसके भाई को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद गांव जाकर घटना की जानकारी राजवीर ने अपने भाई को बताई। तथा उसका भाई काफी डरा हुआ था तथा उसे कहने लगा कि प्रियंका को अगर वह नहीं छोडेगा तो ईश्वर उसे जान से मार देगा। दर्ज मामले में बताया कि सोमवार रात तक उसका भाई खेत से वापस घर नहीं आया। तो गांव में इधर-उधर तलाश की देखा, कहीं कुछ पता नहीं चला, फिर खेत में जाकर देखा तो खेजडी के पेड से फांसी लगाकर लटका हुआ मिला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। दर्ज मामले में बताया कि उसके भाई को ईश्वर तथा उसकी भाभी प्रियंका ने अपने नाजायज संबंध जारी रखने के लिए तंग परेशान तथा प्रताडित किया तथा आत्म हत्या करने के लिए विवश कर दिया ओर उसके भाई राजवीर ने ईश्वर तथा प्रियंका के डर से आत्महत्या की है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

- आरोपी पत्नी पर पति को तलाक नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने का लगाया आरोप
- पत्नी से तंग और परेशान होकर पति ने खेत में खेजडी के पेड से फांसी लगाकर की जीवन लीला समाप्त

कार पर बदमाशों ने फैंकी शराब की बोतल

डूंगरपुर। सदर थाना क्षेत्र में कोटाणा मेताली रोड पर एक कार पर शराब की बोतल फेंकने से आगे का कांच टूट गया। बदमाशों ने कार को रोककर लूटपाट का भी प्रयास कियाए लेकिन कार ड्राइवर ने भागकर अपनी जान बचाई। सदर थाना पुलिस अब बदमाशों की तलाश कर रही है। सदर थाना क्षेत्र में कोटाणा से मेंताली रोड पर सोमवार रात के समय वारदात हुई।

मेताली निवासी लोकेश प्रजापत ने बताया कि वह सोमवार को अपनी अर्टिका कार लेकर डूंगरपुर आया था। शाम के समय कार लेकर वापस घर जा रहा था। इसी दौरान कोटाणा से आगे मेंताली रोड पर सामने से एक बाइक पर तीन बदमाश आए।

बदमाशों के हाथों में शराब की बोतल थी। बदमाशों ने उसे रोकने के लिए चलती गाडी पर शराब की बोतल फैंकी। इससे कार के आगे का कांच टूट गया। इसके बाद भी बदमाशों ने लूटपाट की नियत से बदमाशों ने कार को रोकने का प्रयास कियाए लेकिन लोकेश ने अपनी कार को दौडाकर गांव की ओर चला गया।

गांव में जाकर लोगों को घटना के बारे में बताया। हालांकि कार का कांच टूटने के बाद भी उसे किसी तरह की चोट नहीं आई है। सदर थाने में भी रिपोर्ट दी गई। शाम ढ लते ही बदमाशों और शराबियों की हरकतों से लोगो में डर का माहौल है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

- आगे का कांच टूटा, रोककर लूटपाट का प्रयास, भागकर बचाई जान

'गौपाष्टमी को राजकीय पर्व के रूप में मनाएगी सरकार'

जयपुर। गौ-आधारित कृषि को बढ़ावा देने का विषय पाठय पुस्तकों में सम्मिलित करने की मांग को लेकर सनातन धर्म फाउंडेशन और पीपल फॉर्म ऑफ़ इंडिया, नई दिल्ली के चैयरमैन महामंडलेश्वर आनंद गिरी महाराज ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को ज्ञापन सौंपा। महाराजश्री के नेतृत्व में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता के साथ मदन दिलावर के निवास पर शिष्टमंडल ने उनसे मुलाकात की। इससे पहले शिक्षा मंत्री ने सपत्नीक महामंडलेश्वर आनंद गिरी महाराज का माला पहनाकर, श्रीफल भेंट व दुशाला ओढाकर अभिनंदन किया। इस दौरान महाराजश्री ने शिक्षा मंत्री के आवास पर गौ-माता का पूजन भी किया।

इसके बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सनातन धर्म में गौमाता सदैव ही पूजनीय रही है। महामंडलेश्वर आनंद गिरी जी महाराज ने राजस्थान सरकार से गौपाष्टमी पर स्कूलों में राजकीय अवकाश घोषित करने, गौपाष्टमी को राजकीय पर्व के रूप में मनाने व गौ-आधारित कृषि पर आधारित विषय पाठयपुस्तकों में शामिल करने का आग्रह किया है। महाराज की मांग निसंदेह विचार योग्य है, परंतु शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से परामर्श कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

बारां जिले में थाना अन्ता व साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई, तीन बदमाश पकड़े

जयपुर/बारां, (निसं)। बारां जिले की थाना अन्ता व साईबर सैल की टीम ने अन्ता-पलायथा एनएच-27 पर सर्राफा व्यापारी के साथ पिस्टल की नोक पर हुई लूट का खुलासा कर तीन आरोपियों मेहरान खान पुत्र समीर खान (21) निवासी बम्बई योजना थाना उघोग नगर कोटा शहर, आरिश पठान पुत्र मुन्ना अली (19) एवं शौकीन मोहम्मद पुत्र नन्नु खान (19) निवासी पलायथा थाना अन्ता को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त की है।

- सर्राफा व्यापारी के साथ पिस्टल की नोक पर हुई सनसनीखेज लूट का खुलासा
- घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल जब्त

एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि 17 अक्टूबर को व्यापारी अजय कुमार सोनी ने थाना अन्ता पर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसकी पलायथा में सोने चांदी के आभूषणों की दुकान है। रोजाना की तरह आज दुकान बन्द कर सोने चांदी के आभूषण लेकर वह बाइक से अन्ता आ रहा था। शाम करीब 06.30 बजे कुंआ वाला बाग के पास तीन बाईक सवार बदमाशों ने उसे रोका। पिस्टल दिखा डराया धमका कर उसके पास से करीब 50 ग्राम सोना व 10 किलो वजनी चांदी के आभूषण, 3500 रूपये नकद व मोबाईल लूट कर ले गये।

एसपी चौधरी ने बताया कि घटना की गम्भीरता को देखते हुये अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी तथा सीओ अन्ता सोजी लाल मीणा ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना के खुलासे के लिए एसएचओ दिग्विजय सिंह व साइबर सेल प्रभारी जगदीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। साईबर सेल टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्य जुटाये गये।

अनुसंधान व आसूचना के आधार पर सन्दिग्ध आरिश व शोकीन निवासी पलायथा को डिटेन कर गहनता से पूछताछ की गई तो दोनों ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण उन्होंने लूट की योजना बनाई थी। वे एक महीने से व्यापारी का पीछा कर रहे थे। घटना के रोज उन्होंने कोटा निवासी अपने दोस्तों मेहरान खान, सोनू सरदार, आबिद उर्फ काका तथा सोएब उर्फ गमोरी को पलायथा बुलाया।

शाम को जब व्यापारी अजय सोनी दुकान बन्द कर अन्ता जा रहा था तो हमने इसकी सूचना इन चारों को दे दी। जिन्होंने एनएच-27 पर बडे कुंआ वाला बाग के पास घुमाव का फायदा उठाते हुये अजय सोनी को गन पॉइंट पर रख लूट की वारदात को अन्जाम दे दिया। वारदात के बाद वे चारो कोटा चले गये और हम दोनों पलायथा अपने घर पर आ गये।

एसएचओ दिग्विजय सिह ने बताया कि घटना का खुलासा कर टीम ने कोटा से मेहरान खान को गिरफ्तार किया। डिटेन किये गए मुल्जिम आरिश पठान व शौकीन मोहम्मद को आपराधिक षडयंत्र के तहत गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों सोनू सरदार उर्फ कुलदीप सिह, आबिद उर्फ काका तथा सोएब उर्फ गमोरी निवासी कोटा की तलाश की जा रही है।

फरार आरोपी कोटा के शातिर बदमाश है। जिन्होने कोटा व अन्य जिलो में लूट की कई वारदातो को अन्जाम दिया है। आरोपी आरिश हत्या के मामले में पूर्व में थाना अन्ता में गिरफ्तार हो चुका है। गिरफ्तार आरोपियों से गहनता से अनुसंधान व पुछताछ की जा रही है।

पलायथा के पास सर्राफा व्यापारी के साथ पिस्टल की नोक पर हुई सनसनीखेज लूट का खुलासा करते हुए अंता पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्त में लिया।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

F.3 ( )/Acctt./AU/Jodhpur/2024-25/2042 Date :- 26/10/2024

ई-निविदा 21/2024-25

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Tissue Culture Lab Equipment की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

EPROC ID : 2024_AGUJD_429263_1 नियंत्रक (वित्त), कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर

राज.संवाद/सी/24/7116

जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
रजि. कार्यालय: विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर 302005
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (कुसुम)
पुराना पावर हाउस राम मंदिर, जयपुर-302006
Energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, ईमेल: dsmxen2024@gmail.com

ई-निविदा सूचना

RESCO प्रणाली के माध्यम से ग्रिड से जुड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों के COD से 25 वर्षों के लिए रूप-रेखा, सर्वेक्षण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग, संचालन और रखरखाव के लिए पात्र बोलीदाताओं से दो भागों (तकनीकी-वाणिज्यिक बोली और मूल्य बोली) में ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। कुसुम योजना घटक C (फीडर स्तर सौरकरण) के तहत JVVNL में 11kV फीडरों से जुड़े कृषि उपभोक्ताओं के सौरकरण हेतु 33kV या, 11kV लाइन के माध्यम से 33/11kV सब-स्टेशनों और सौर ऊर्जा संयंत्रों के RMS को जोड़ा जाना है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध लिंक NIT No. JVVNL/ACE (PPM)/SE(KUSUM)/XEN(RE-DSM)/ TN-13 के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है । भविष्य में, किसी भी शुद्धिपत्र अथवा विस्तार की सूचना, केवल वेब साइट www.energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in और www.eproc.rajasthan.gov पर प्रकाशित की जाएगी । UBN: VVN2425WSOB00666

जेपीआर-2903 (2024) अधीक्षण अभियंता (कुसुम)
राज.संवाद/सी/24/7152 बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

कार्यालय अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड खानपुर
क्रमांक : 1147 दिनांक : 24.10.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या : 18/2024-25

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सड़क/पुलिया मरम्मत व निर्माण कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" एवं "ए", "बी", "सी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, www.eproc.rajasthan.gov.in तथा www.pwd.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

UBN No. (1) PWD2425WSOB08843 UBN No. (2) PWD2425WSOB08844
UBN No. (3) PWD2425WSOB08845 UBN No. (4) PWD2425WSOB08846

DIPR/C/10626/2024 अधिशाषी अभियंता, सा.नि.वि. खण्ड खानपुर